
दिनांक 31.12.2021

आज दिनांक 31.12.2021 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सवः आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के समापन दिवस की शुरूआत योगाभ्यास एवं हवन–यज्ञ की पावन प्रक्रिया से हुई। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रोफेसर दिनेश राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई विद्यार्थियों को स्वेच्छा भाव से राष्ट्र सेवा कार्यों में अपना योगदान देने के लिए सक्षम बनाती हैं, वास्तव में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की बहुत आवश्यकता है और यही रास्ता राष्ट्रीय सेवा योजना से निकलता है, भारत को बदलना है, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी समय–समय पर अपने मन की बात करते रहते हैं। 1969 से चली आ रही यह राष्ट्रीय सेवा योजना निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा कर रही है, भारत की जनसंख्या कोविड–19 के दौरान समाप्त हो जाएगी, ऐसी धारणा जिन देशों ने बनाई थी उसका खण्डन राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। स्वयं सेविकाओं का यह दायित्व है कि हमें भारत को बनाने व उसकी संस्कृति को बनाए रखने की आवश्यकता है। हमें हमारे गौरवशाली इतिहास को जानने की आवश्यकता है। सात दिवसीय शिविर से हमें सीखने को मिलता है कि समाज के साथ कैसे जुड़ा जाता है और समाज के प्रति हमारे क्या दायित्व हैं। हमें आँख बन्द करके पश्चिमी सभ्यता को नहीं अपनाना चाहिए बल्कि हमें हमारी संस्कृति को संजोए रखना है, तभी हम भारत के लोग बनेंगें जब इसकी संस्कृति को अपनाएंगें व स्वदेशी का अपनाएंगें, यही वास्तव में आत्मनिर्भरता है।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कोराना योद्धा विषय पर कु0 वंशिका व ग्रुप के द्वारा नृत्य किया गया, इसके अतिरिक्त पंजाबी गिद्धा, हरियाणवी डांस के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने सभी का मन मोह लिया। आजादी के अमृत महोत्सवं विषय पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन छात्राओं के द्वारा किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं के कुशल अभिनय के द्वारा चन्द्रशेखर आजाद की जीवनी को जीवन्त किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी ठकराल ने आज के मुख्यातिथि के उत्प्रेरक सम्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डॉ0 दीपा व सह संयोजिका डॉ0 सोनिया को शिविर की सफलता के लिए बधाई दी व छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कार्यों में निरन्तर ऊर्जा एवं उत्साह से संलग्न रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ0 आरती अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ0 रूकमेश चौहान, श्रीमती सरोज बाला, सुश्री ज्योति व सुश्री गरिमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के अंतिम दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस–नोट

दिनांक 31.12.2021

आज दिनांक 31.12.2021 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सवः आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के समापन दिवस की शुरूआत योगाभ्यास एवं हवन–यज्ञ की पावन प्रकिया से हुई। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रोफेसर दिनेश राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई विद्यार्थियों को स्वेच्छा भाव से राष्ट्र सेवा कार्यों में अपना योगदान देने के लिए सक्षम बनाती हैं, वास्तव में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की बहुत आवश्यकता है और यही रास्ता राष्ट्रीय सेवा योजना से निकलता है, भारत को बदलना है, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी समय–समय पर अपने मन की बात करते रहते हैं। 1969 से चली आ रही यह राष्ट्रीय सेवा योजना निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा कर रही है, भारत की जनसंख्या कोविड–19 के दौरान समाप्त हो जाएगी, ऐसी धारणा जिन देशों ने बनाई थी उसका खण्डन राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। स्वयं सेविकाओं का यह दायित्व है कि हमें भारत को बनाने व उसकी संस्कृति को बनाए रखने की आवश्यकता है। हमें हमारे गौरवशाली इतिहास को जानने की आवश्यकता है। सात दिवसीय शिविर से हमें सीखने को मिलता है कि समाज के साथ कैसे जुड़ा जाता है और समाज के प्रति हमारे क्या दायित्व हैं। हमें आँख बन्द करके पश्चिमी सभ्यता को नहीं अपनाना चाहिए बल्कि हमें हमारी संस्कृति को संजोए रखना है, तभी हम भारत के लोग बनेंगें जब इसकी संस्कृति को अपनाएंगें व स्वदेशी का अपनाएंगें, यही वास्तव में् आत्मनिर्भरता है।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कोराना योद्धा विषय पर कु0 वंशिका व ग्रुप के द्वारा नृत्य किया गया, इसके अतिरिक्त पंजाबी गिद्धा, हरियाणवी डांस के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने सभी का मन मोह लिया। आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन छात्राओं के द्वारा किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं के कुशल अभिनय के द्वारा चन्द्रशेखर आजाद की जीवनी को जीवन्त किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी ठकराल ने आज के मुख्यातिथि के उत्प्रेरक सम्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डॉ0 दीपा व सह संयोजिका डॉ0 सोनिया को शिविर की सफलता के लिए बधाई दी व छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कार्यों में निरन्तर ऊर्जा एवं उत्साह से संल्न रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ0 आरती अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ0 रूकमेश चौहान, श्रीमती सरोज बाला, सुश्री ज्योति, सुश्री गरिमा व सुश्री यजुगरिमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के अंतिम दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

अमर उजाला
28.12.2021

# छात्राओं को जीवन में होना चाहिए स्वावलंबी

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत स्वयं सेविकाओं द्वारा योग क्रिया एवं हवन यज्ञ से की गई। शिविर का विषय आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत रखा गया है।

सर्वप्रथम आर्य युवती परिषद की ओर से हवन यज्ञ कार्यशाला का आयोजन कराया गया, जिसमें लगभग 30 युवतियों ने हवन को सिखाने में स्वयं सेविकाओं का सहयोग किया।

आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुमन राजन ने कहा कि छात्राओं को जीवन में स्वावलंबी होना चाहिए। समाज एवं राष्ट्र की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है। वहीं स्वयं सेविकाओं ने तंबाकू निषेध एवं सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर व स्लोगन भी बनाए।

इस मौके पर डॉ. रीजा, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. रुकमेश चौहान, गीतू सैनी, सोबिया, सुकृति, डॉ. दीपा, डॉ. सोनिया, सरोज बाला, गरिमा, ज्योति सहित कॉलेज स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

**पंजाब केसरी** 26 दिसम्बर 2021

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में नेहा कौर रही प्रथम

कुरुक्षेत्र, 25 दिसम्बर (विनोद अरोड़ा) : दयानन्द महिला महाविद्यालय में पंजाबी साहित्य परिषद् की ओर से संयोजिका डा. सोनिया रानी के कुशल निर्देशन में धीरज और नम्रता के बानी: श्री गुरु अर्जुन देव जी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने गुरु अर्जुन देव के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की नेहा कौर,.द्वितीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की अन्जो देवी व तृतीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की किरनदीप कौर ने प्राप्त किया। नेहा बी.ए. प्रथम वर्ष व हरप्रीत कौर बी.ए. द्वितीय वर्ष ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि मानवता और धार्मिक सौहार्द की पहचान गुरु अर्जुन देव जी सिख-धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। सभी धर्मों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना रखने वाले गुरु अर्जुन देव जी को आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। पवित्र ग्रन्थ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का सम्पादन करके उन्होंने सिक्ख-धर्म ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता को एक बहुमूल्य भेंट दी है। निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. मनजीत कौर एवं प्रभजोत कौर ने निभाई।



निबंध लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं। (अरोड़ा)

**दैनिक जागरण** पानीपत, 26 दिसंबर

## डीएन कालेज में सात दिवसीय शिविर शुरू

कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। एनएसएस संयोजिका डा. दीपा व डा. सोनिया चौहान के मार्गदर्शन में स्वयं-सेविकाओं ने योग क्रियाएं कर शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कोविड-19 की वैक्सीनेशन और कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन पर केंद्रित पोस्टर-स्लोगन गतिविधि करवाई गई। इसमें छात्राओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से ओमिक्रोन के उभरते खतरे, संक्रमण के लक्षण, सुरक्षा उपायों व वैक्सीनेशन के संदर्भ में अपनी अभिव्यक्ति दी। एक रैली भी निकाली गई। (जास)

**पंजाबकेसरी** 27 दिसम्बर 2021

# दयानंद महिला महाविद्यालय में स्वंयसेविकाओं ने सीखे योग के गुर

कुरुक्षेत्र, 26 दिसम्बर (विनोद अरोड़ा) : दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा योगाभ्यास एवं हवन यज्ञ से की गई। सर्वप्रथम छात्राओं ने एन.एस.एस. की संयोजिकाओं डा. दीपा एवं डॉक्टर सोनिया के निर्देशन में प्रेरणा वृद्धाश्रम का भ्रमण किया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने वृद्धों के प्रति आत्मीयता एवं आदर भाव अभिव्यक्त किए तथा उनके समक्ष अपनी विभित्र मनोरंजक सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की।

छात्राओं ने हस्तनिर्मित कार्ड, फूल इत्यादि भेंट कर अपना प्यार और सत्कार जताया। प्रेरणा वृद्ध आश्रम की अध्यक्षा रेनू खुग्गर ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी अपने संस्कारों से वंचित होती जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त परिवार के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज हमें बुजुर्गों के साथ और उनके अंदर छिपे ज्ञान को समझने की बहुत आवश्यकता है। इसके उपरांत छात्राओं ने प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा पर्यावरण संरक्षण एवं मौलिक अधिकारों पर आधारित पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन गतिविधियों में भाग लिया। छात्राओं ने प्रकृति के निर्माण, शोषण को प्रस्तुत करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। मौलिक अधिकारों का ज्ञान हमारे लिए बहुत जरूरी है, इसकी जानकारी पोस्टरों के माध्यम से प्रेषित की। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने छात्राओं के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की तथा प्रकृति को जननी स्वरूपा मानते हुए सदैव उसकी रक्षा हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने मौलिक अधिकारों के महत्व से भी अवगत कराया। इस दिन के अंतिम चरण में छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण की गतिविधि में भाग लिया तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारी की। इस अवसर पर डा. रुकमेश एवं सरोज उपस्थित रही।



योग शिविर में भाग लेती छात्राएं। (अरोड़ा)

**अमरउजाला** 27.12.2021

बुजुर्गों का सम्मान — राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शामिल छात्राओं ने प्रेरणा वृद्धाश्रम का किया भ्रमण

# छात्राओं ने वृद्धों को कार्ड, फूल देकर जताया प्यार

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 'आजादी का अमृत महोत्सवः आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत स्वयं सेविकाओं द्वारा योगाभ्यास एवं हवन यज्ञ से की गई। सर्वप्रथम छात्राओं ने प्रेरणा वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। उन्होंने वृद्धों के प्रति आत्मीयता एवं आदर भाव व्यक्त किए।

छात्राओं ने वृद्धाश्रम में हस्तनिर्मित कार्ड, फूल आदि भेंट कर अपना प्यार जताया। प्रेरणावृद्ध आश्रम की अध्यक्षा रेनू खुग्गर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी अपने संस्कारों से वंचित होती जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त परिवार के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज हमें बुजुर्गों के साथ और उनके अंदर छिपे ज्ञान को समझने की आवश्यकता है।



सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन प्रेरणा वृद्धाश्रम का भ्रमण करतीं छात्राएं। संवाद

इसके उपरांत छात्राओं ने प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की और पर्यावरण संरक्षण एवं मौलिक अधिकारों पर आधारित पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन गतिविधियों में भाग लिया। छात्राओं ने प्रकृति के निर्माण, शोषण को प्रस्तुत करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने छात्राओं के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की तथा प्रकृति को जननी स्वरूप मानते हुए सदैव उसकी रक्षा के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

इसके साथ ही उन्होंने मौलिक अधिकारों के महत्व से भी अवगत कराया। दिन के अंतिम चरण में छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण की गतिविधि में भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारी की। एनएसएस की संयोजक डॉ. दीपा एवं डॉ. सोनिया, डॉ. रुक्मेश एवं सरोज उपस्थित रहीं।

पंजाब केसरी
29.12.2021

# शिविर में स्वयं सेविकाओं ने सीखे प्राथमिक उपचार के गुर

कुरुक्षेत्र, 28 दिसम्बर (विनोद अरोड़ा) : सलारपुर रोड स्थित दयानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का शुभारम्भ स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में यज्ञ व योगा यास के साथ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. हिमानी ने बैंकिंग सैक्टर और ई बैंकिंग इन इंडिया विषय पर विस्तार व्या यान दिया। जिसमें ऑनलाइन बैंकिंग के संदर्भ में स्वयं सेविकाओं को व्यापक जानकारी दी गई।

उन्होंने छात्राओं को ई बैंकिंग यानी ऑनलाइन बैंकिंग के स्वरूप, वर्तमान युग में इसकी उपयोगिता, लेनदेन में सुविधा, डिजिटल युग में इसकी बढ़ती अनिवार्यता का विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके साथ दूसरे वक्ता के रूप में गणित विभाग की प्राध्यापिका प्रभजोत ने वित्तीय साक्षरता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने वित्तीय योजनाओं के अंतर्गत आय-व्यय, बचत, व्यवस्थित खर्चे, बचत और निवेश के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त रैडक्रॉस के प्रमुख प्रशिक्षक नरेश कुमार ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार के संदर्भ में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इस प्रशिक्षण में चिकित्सक के आने से पूर्व अकस्मात रोगी के उपचार हेतु प्राथमिक निदानों को विस्तार से बताया। जैसे विकट परिस्थितियों में अचानक किसी दुर्घटना का शिकार होने पर, सांप आदि जहरीले जंतु द्वारा काटने पर, कुत्ते के काटने पर, हार्ट अटैक आने पर किन प्राथमिक उपचारों को अपनाना चाहिए।



प्राथमिक उपचार से संबन्धित जानकारी हासिल करती स्वयंसेविकाएं। (अरोड़ा)

इस विषय में जानकारी प्रदान की गई राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डा. दीपा ने मु यातिथि का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या मीनाक्षी ठकराल ने छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर स्वयं सेविकाओं के द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की सह संयोजिका डा. सोनिया के द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य मीनाक्षी ठकराल, डा. हिमानी, प्रभजोत कौर का धन्यवाद किया। शिविर के दौरान अन्य शिक्षिकाओं में डा. रुकमेश चौहान, डा. आरती अग्रवाल, सरोज बाला, ज्योति, गरिमा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

अमरउजाला
29.12.2021

# ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में दी गईं जानकारियां



विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता। संवाद

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन बैंकिंग और ई-बैंकिंग इन इंडिया, करियर व प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान हुए। शिविर का शुभारंभ स्वयं सेविकाओं ने हवन यज्ञ, योगाभ्यास के साथ किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हिमानी ने बैंकिंग सेक्टर और ई-बैंकिंग इन इंडिया विषय पर चर्चा की।

छात्राओं को ऑनलाइन बैंकिंग के स्वरूप, वर्तमान युग में इसकी उपयोगिता, लेन-देन में सुविधा व डिजिटल युग में इसकी बढ़ती जरूरत के बारे में बताया गया। दूसरे वक्ता के रूप में गणित विभाग की प्राध्यापिका प्रभजोत ने वित्तीय साक्षरता विषय पर विचार रखे। रेडक्रॉस के प्रमुख प्रशिक्षक नरेश कुमार ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया। वहीं, करियर दिशा निर्देश एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजिका अंजू चावला ने करियर दिशा निर्देश के लिए व्याख्यान दिया। मौके पर एनएसएस की सह संयोजिका डॉ. सोनिया, कार्यवाहक प्राचार्य मीनाक्षी ठकराल, डॉ. हिमानी, प्रभजोत कौर, डॉ. रुकमेश चौहान, डॉ. आरती अग्रवाल, सरोजबाला आदि रहे। संवाद

**पंजाब केसरी** 30 दिसम्बर 2021

# स्वंय सेविकाओं ने निकाली जागरूकता रैली




रैली निकालती स्वंय सेविकाएं। (अरोड़ा)

कुरुक्षेत्र, 29 दिसम्बर (विनोद गेंड): दयानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव: आत्मनिर्भर भारत विषय पर केन्द्रित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का आरंभ योगक्रियाओं एवं हवन-यज्ञ से हुआ। इस दिन के प्रथम चरण में श्री कृष्ण मार्शल आर्टस संस्थान के संस्थापक एवं प्रमुख प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा के उपाय सिखाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवन में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों के कारण स्वरक्षा के गुणों को विकसित करना महत्वपूर्ण ही नहीं अपितु अनिवार्य हो गया है। घरेलु हिंसा, ब्लात्कार, शोषण, अपहरण तथा हत्या जैसे नृशंस अपराधों से बचने के लिए प्रत्येक महिला के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना अति आवश्यक है। इसके लिए महिलाओं को अन्याय के विरूद्ध बोलने की क्षमता के लिए मानसिक शक्ति एवं बल प्रयोग के लिए शारीरिक शक्ति दोनों गुण विकसित करने चाहिएं। हमें आत्मरक्षा में केवल शारीरिक सुरक्षा ही नहीं अपितु बुरे विचारों से आत्मिक सुरक्षा भी करनी चाहिए। ममहाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या मीनाक्षी ठकराल ने शिविर का निरीक्षण किया एवं छात्राओं की गतिविधियों की सराहना करते हुए इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

इसी शृंखला में छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन गतिविधि में भाग लिया। इसी विषय पर फौजी बस्ती में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसे [कार्य]वाहक प्राचार्या ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें छात्राओं ने समाज को सर्वांगीण उन्नति के लिए बेटियों को शिक्षित करने तथा आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिकाएं डा. दीपा, डा. सोनिया एवं प्राध्यापिकाएं डा. आरती अग्रवाल, डा. रूकमेश, सरोज, गरिमा एवं ज्योति उपस्थित रहीं।

**दैनिक जागरण** 30 दिसंबर 2021

## श्लोक लेखन पोस्टर प्रतियोगिता में निशा रही प्रथम




श्लोक लेखन पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं के साथ संयोजिका डा. सुमन राजन व अन्य। ● सौजन्य पीआरओ।

कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में संस्कृत साहित्य परिषद की ओर से श्रीमद्भगवद गीता पर आधारित श्लोक लेखन पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विभिन्न संकायों की 21 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डा. रुकमेश चौहान, डा. नेहा व डा. रीजा शामिल रही। संस्कृत साहित्य परिषद संयोजिका डा. सुमन राजन ने छात्राओं की ओर से बनाए गए पोस्टरों की सराहना की। उन्होंने प्रतियोगिता के अंत में परिणाम घोषित किए। जिसमें निशा ने प्रथम, हिमांशी व काजल ने संयुक्त रूप से द्वितीय और मनीषा व सेजल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने गीता के प्रचार-प्रसार में सहायक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। (जास)

दैनिक भास्कर 31 दिसंबर, 2021

# शिशिवर में स्वयंसेविकाओं ने सीखा सेल्फ डिफेंस



कुरुक्षेत्र | दयानंद महिला कॉलेज में लगाए गए एनएसएस शिविर में गुरुवार को श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट्स संस्थान की ओर से स्वयंसेविकाओं को दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई जिसमें स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि जिस तरह से आए दिन मीडिया में महिला उत्पीड़न की खबरें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए सभी महिलाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लेना चाहिए। सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग लेने के बाद आत्मविश्वास बहुत बढ़ जाता है और छात्राएं विरोधी को न केवल मुंहतोड़ जवाब दे सकती हैं बल्कि वह दूसरों की रक्षा करने में भी सक्षम हो सकती हैं। कैंप में असामाजिक तत्वों द्वारा हमले की स्थिति में सेल्फ डिफेंस की प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपा और डॉ. सोनिया ने बताया कि छात्राओं को अपने साथ घटने वाली किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों व शिक्षकों को देनी चाहिए ताकि उस स्थिति से निपटने के लिए कार्रवाई की जा सके। छात्राओं को किसी भी कमेंट या असामाजिक तत्वों द्वारा पीछा किए जाने की स्थिति में आवाज उठानी चाहिए। स्वयंसेविका सेजल, प्रांजल और अंकिता ने बताया की सेल्फ डिफेंस की सभी तकनीक जैसे गला पकड़ने, बाल खींचने, कॉलर खींचने, हाथ पकड़ने व पीछे से हमला करने की स्थिति में सिखाई गई सेल्फ डिफेंस तकनीक बहुत कारगर है।

अमर उजाला 31.12.2021

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन हवन-यज्ञ व योग क्रियाएं हुई। वहीं छात्राओं के लिए आत्म-सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन भी कराया गया। जिसमें श्रीकृष्ण मार्शल आर्टस संस्थान से राजेश शर्मा ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए ताकि किसी भी विकट स्थिति में छात्राएं अपनी रक्षा करने में सक्षम हो सके। इस मौके पर डॉ. दीपा, डॉ. सोनिया, डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. रूकमेश चौहान, सरोजबाला, ज्योति, गरिमा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं। संवाद

**पंजाब केसरी** 31 दिसम्बर 2021

# श्लोक लेखन में निशा रही प्रथम




*प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं अध्यापिकाओं के साथ।* (अरोड़ा)

कुरुक्षेत्र, 30 दिसम्बर (विनोद अरोड़ा) : सलारपुर रोड स्थित दयानन्द महिला महाविद्यालय में संस्कृत साहित्य परिषद की ओर से श्रीमद भगवद गीता पर आधारित श्लोक लेखन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न संकायों की 21 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी तथा गीता के प्रचार प्रसार में सहायक इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी छात्राओं का उत्साह वर्धन भी किया। इस प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान निशा बी.ए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान हिमांशी बी.ए द्वितीय वर्ष, काजल बी.ए प्रथम वर्ष, मनीषा बी.ए प्रथम वर्ष व सेजल शर्मा बी.ए प्रथम वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कनिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. नेहा, डा. रीजा, डा. रुकमेश उपस्थित रही।

इस अवसर पर परिषद की संयोजिका डा. सुमन राजन ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से प्रेरणा लेकर अन्य छात्राओं को भी इसमें भाग लेना चाहिए।

**दैनिक जागरण** 31 दिसंबर 2021

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



कार्यशाला के दौरान आत्मरक्षा के गुर सीखती स्वयंसेविकाएं। • सौजन्य पीआरओ।

कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का छठा दिन रहा। जिसके तहत आत्मनिर्भर भारत विषय पर स्वयं सेविकाओं के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला लगाई गई। जिसमें श्रीकृष्ण मार्शल आर्टस संस्थान की ओर से स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। जिसके माध्यम से महिलाएं किसी भी विकट स्थिति में अपनी रक्षा कर सकें। प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने बताया कि आज के युग में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए आत्म रक्षा ही सशक्त उपाय है। प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि अगर कोई अनजान व्यक्ति, किसी महिला पर अचानक से हमला करता है, तो उस स्थिति में कैसे उसे खुद का बचाव करना है। इस मौके पर एनएसएस संयोजिका डा. दीपा, सह-संयोजिका डा. सोनिया व डा. आरती अग्रवाल मौजूद रही। (जासं)

पंजाब केसरी
1 जनवरी 2022

# आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर संपन्न



*कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि व स्वयंसेविकाएं।* (अरोड़ा)

कुरुक्षेत्र, 31 दिसम्बर (विनोद अरोड़ा) : सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के समापन दिवस की शुरुआत योगा भ्यास एवं यज्ञ से की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रोफेसर दिनेश राणा मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्यार्थियों को स्वेच्छा भाव से राष्ट्रसेवा कार्यों में अपना योगदान देने के लिए सक्षम बनाती है। वास्तव में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की बहुत आवश्यकता है और यही रास्ता राष्ट्रीय सेवा योजना से निकलता है। उन्होंने कहा कि 1969 से चली आ रही है राष्ट्रीय सेवा योजना निस्वार्थ भाव से देश की सेवा कर रही है। स्वयं सेविकाओं का यह दायित्व है कि हमें भारत को बनाने व उसकी संस्कृति को बचाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देना है तथा हमें हमारे गौरवशाली इतिहास को जानने की आवश्यकता है।

इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कुमारी वंशिका ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त पंजाबी गिद्दा, हरियाणवी डांस के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने सभी का मन मोह लिया।

आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन छात्राओं के द्वारा किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं के कुशल अभिनय के द्वारा चंद्रशेखर आजाद की जीवनी को जीवंत किया।

कार्यवाहक प्राचार्या मीनाक्षी ठकराल ने मु यातिथि के प्रेरक संबोधन के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डा. दीपा व सह संयोजिका डा. सोनिया को शिविर की सफलता के लिए बधाई दी व छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कार्यों में निरंतर ऊर्जा व उत्साह से संलग्न रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर मंच संचालन डा. आरती अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर को सफल आयोजन में डा. रुकमेश चौहान, सरोज बाला, गरिमा, ज्योति, यजुगरिमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दैनिक जागरण
1 जनवरी, 2022

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित सात दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के समापन दिवस की शुरूआत योगाभ्यास व हवन में आहुति डाल की। समापन समारोह में कुवि से एनएसएस के संयोजक प्रो. दिनेश राणा मुख्यातिथि रहे। मौके पर डा. दीपा, सोनिया, आरती, रुकमेश आदि मौजूद रहीं।

अमर उजाला
01.01.2022

# आंख बंद कर पश्चिमी सभ्यता को न अपनाएं

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में 'आजादी का अमृत महोत्सव आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। स्वयं सेविकाओं ने शिविर के समापन दिवस की शुरुआत योगाभ्यास एवं हवन-यज्ञ की पावन प्रक्रिया से की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. दिनेश राणा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमें आंख बंद करके पश्चिमी सभ्यता को नहीं अपनाना चाहिए, बल्कि हमें हमारी संस्कृति को संजोए रखना है। इस अवसर पर मंच संचालक डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. रूकमेश चौहान, सरोज बाला, ज्योति, गरिमा व यजुगरिमा सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

A.N - 13

Seven days Camp

25-12-2021 - 31-12-2021










seven days Camp

25-12-2021 – 13-12-2021

A.N.-13






Seven days camp

A.N. -13

25-12-2021 - 31-12-2021







